# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - बहादुरगढ़** **दिनांक 18.09.2025**

- **थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही कर अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से 30 कार्टून अवैध पटाखे (कीमत करीब 6-7 लाख रुपये) बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त गोलू द्वारा अपने सहभियुक्त (फरार) के साथ मिलकर आगामी दीपवाली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध पटाखो की बिक्री हेतु जनपद अमरोहा क्षेत्र से पटाखे लाकर अपने घर पर किया जा रहा था भण्डारण।**

### कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं पटाखे/विस्फोटक पदार्थ बेचने/भण्डारण करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले 01 अभियुक्त को दिनांक 17/18-09-2025 की रात्रि में उसके घर ग्राम पसवाडा से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से भिन्न प्रकार के भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद हुए हैं।




उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

गोलू पुत्र महेश निवासी ग्राम पसवाडा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।

### बरामदगी का विवरण:-

30 कार्टून पटाखे (भिन्न-भिन्न प्रकार के, कीमत करीब 6-7 लाख रुपये)।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री अनुरोध कुमार थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री हरिपाल सिंह थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।
4. है0का0 308 गजेन्द्र शर्मा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।
5. का0 925 रजत शर्मा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।